प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पार्ट–2 के कार्यकाल का आज एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार यहां के नौजवानों की भविष्य गढ़ने में लगा हुआ है।

****

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज देवघर के एक स्कूल परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि देवघर सदियों से धर्म और आध्यात्म का प्रमुख केंद्र रहा है, और ऐसे अनुष्ठान विश्व शांति और लोककल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बंगाल में बढ़ती घुसपैठ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां राजनीतिक बदलाव की आवश्यकता है।

****

केन्द्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त धनबाद के दो दिवसीय दौरे पर है। दौरे के पहले दिन उन्होंने आज झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अधिकारियों के साथ बैठक किया। बाद में उन्होंने अग्नि प्रभावित बेलगड़िया का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने विस्थापित लोगों को उत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराने, विभिन्न योजनाओं का लाभ और अधिकार दिलाने को लेकर बीसीसीएल और जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के समन की अवहेलना करने के मामले में आज एमपी–एमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम राहत को झारखंड हाई कोर्ट ने समाप्त कर दिया था। श्री सोरेन ने इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया है।

****

गोड्डा में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भाजपा नेता सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच के लिए दायर क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

गढ़वा जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से भावी उद्यमियों को तैयार करने के लिये पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

****

झारखंड में विशेष शिक्षा सहायक आचार्य के 3450 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। जेएसएससी ने परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 14 दिसंबर से 13 जनवरी तक लिए जाएंगे। 14 से 15 जनवरी को नाम, जन्मतिथि, ईमेल और मोबाइल को छोड़कर बाकी विवरणों में सुधार किया जा सकेगा। दिव्यांग उम्मीदवारों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट भी प्रदान की गई है।

****

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों से निर्धारित समय पर परीक्षाएं आयोजित करने और उपाधियां तथा प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि इसमें देरी से विद्यार्थियों को अवसरों का नुकसान होता है। उन्हें उपयुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण रोज़गार पाने में बाधा आती है। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी शैक्षणिक कैलेंडर में निर्धारित समय पर परीक्षा देने और परिणाम प्राप्त करने के हकदार हैं। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम घोषित होने के 180 दिनों के भीतर डिग्री

प्राप्त करने के भी हकदार हैं। यह भी कहा गया है कि नियमों का पालन न करने की स्थिति में आयोग दंडात्मक कार्रवाई करेगा।

****

रांची के बेड़ो स्थित एक ज्वेलरी दुकान में अज्ञात अपराधियों ने धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात और नकद लूट लिए। घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने दुकान की सुरक्षा में तैनात नाइट गार्ड को बंधक बना लिया। बताया जाता है कि अपराधी दुकान के पीछे से शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए। आज सवेरे स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

*********समाप्त***********